## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये नितिन नबीन : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी बने, पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष : केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आज लखनऊ में किया ऐलान।
3. प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– सरकार और संगठन मिलकर प्रदेश को बढ़ायेंगे आगे।

और

4. प्रदेश में 33 जिलों में आज से शुरू हुआ सघन पल्स पोलिया अभियान : 22 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत पांच साल तक के बच्चों को पिलाई जायेगी पोलिया की दवा।

————————

भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड ने वरिष्ठ पार्टी नेता नितिन नबीन को तत्काल प्रभाव से पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन नबीन वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि नितिन नबीन एक युवा और कर्मठ नेता हैं और उनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है तथा बिहार में कई बार विधायक और मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन की ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में पार्टी को मजबूत करेंगे।

———————

महाराजगंज से सात बार के लोकसभा सांसद और केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। लखनऊ के राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित पार्टी के संगठन पर्व समारोह में केन्द्रीय चुनाव अधिकारी और केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने श्री चौधरी के नाम की औपचारिक घोषणा की। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह न नवनियुक्त अध्यक्ष को पार्टी का झंडा सौंपा। इस मौके पर केन्द्रीय

मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां जितने व्यवस्थित और लोकतांत्रिक तरीके से सदस्य से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाता है वह बहुत बड़ी बात है। बाइट....

*विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के हम सब सदस्य हैं, हम सब उसको सींचते हैं, उसको आगे लेकर जाते हैं और दुनिया हैरान है। दुनिया भर में पार्टियां हैं, दुनिया भर में राजनीतिक गतियां चलती हैं लेकिन जितने व्यवस्थित तरीके से भारतीय जनता पार्टी जितने लोकतांत्रिक तरीके से भारतीय जनता पार्टी में सदस्य बनाने से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुनने तक और हर एक पड़ाव पर जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी में सहमतियां बनती है, लोगों के विचार विमर्श किया जाता है, आपसी समन्वय के साथ पार्टी चलती है, यह कितनी बड़ी बात है, वास्तव में इसका सबसे बड़ा श्रेय अगर किसी को जाता है तो इस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को जाता है।*

प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा में कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी के शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। हमारी पार्टी में न परिवारवाद चलता है और न जातिवाद। उन्होंने कहा कि मैं अपने दायित्वों को बखूबी निभाने की कोशिश करूंगा। बाइट...

*यह भारतीय जनता पार्टी जैसी लोकतांत्रिक पार्टी में ही संभव है कि वह मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को भी एक बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती। हमारी पार्टी में कोई वाद नहीं चलता है। ना परिवारवाद चलता है और ना जातिवाद चलता है। हमारी पार्टी का नेतृत्व ना किसी खास परिवार को मिलता है और ना ही किसी खास जाति को मिलती है। हमारी पार्टी में कोई भी व्यक्ति कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता बड़े से बड़े दायित्व को पहुंच सकता है।*

नये प्रदेश अध्यक्ष के ऐलान के अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि अब

सरकार और संगठन मिलकर आगे बढ़ेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को आगे बढ़ायेंगे। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने अपने साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाह किया। बाइट...

*एक अनुभवी कार्यकर्ता को उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के साथ ही उत्तर प्रदेश के अंदर अब नए गति के साथ सरकार और संगठन मिलकर के आदरणीय प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप आगे बढ़ने के संकल्प के साथ बढ़ पाएगा।मैं इस अवसर पर धन्यवाद दूंगा चौधरी भूपेंद्र सिंह जी को जो पिछले साढ़े तीन वर्ष से प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए देश के अंदर हर एक उन कार्यक्रमों को गति प्रदान करने में अपना योगदान दे रहे थे। इस दौरान प्रदेश तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ा।*

प्रदेश में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 120 सदस्यों का निर्वाचन भी सम्पन्न हो गया है। उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद के लिये लखनऊ से राजनाथ सिंह, गोरखपुर से योगी आदित्यनाथ, प्रयागराज से केशव प्रसाद मौर्य, उन्नाव से बृजेश पाठक और सुल्तानपुर से स्मृति ईरानी का नाम प्रमुख रूप से शामिल है।

——————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पंकज चौधरी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनायें दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री सिंह ने सात बार सांसद रह चुके श्री चौधरी की वर्षों से पार्टी के प्रति समर्पण और अनुशासित

कार्य की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री चौधरी का लंबा राजनीतिक अनभ्व और कार्यकुशलता उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने में सहायक होगी।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकत हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत ट्रेनों में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय व्यंजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्थानीय व्यंजन शुरू करने से यात्रियों को उस क्षेत्र की संस्कृति और स्वाद की झलक मिलेगी। यह सुविधा भविष्य में धीरे–धीरे सभी ट्रेनों में लागू की जाएगी।

——————————

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सुप्रीम कोर्ट से उन सभी ऐतिहासिक सबूतों और दस्तावेजों को वापस मांगने के लिए अनुरोध करेगा, जिनके आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर के संदर्भ में ऐतिहासिक

फैसला सुनाया था। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन ऐतिहासिक धरोहरों को राम मंदिर परिसर में निर्माणाधीन संग्रहालय में सुरक्षित रखा जायेगा। बाइट....

*जो स्क्रिप्ट है, स्क्रिप्ट में कोशिश यह कही गई है कि हम भगवान राम की वास्तविकता कि वह इस अयोध्या धाम में थे, उनका वंश था यहां पर और कौन से ऐसे साक्ष्य मिले जिनसे कि हम उनके पूरे इतिहास को जोड़ सकते हैं तो उस प्रकार का स्क्रिप्ट बना है। इस 5,000 वर्षों में कैसे जुड़ेगा इतिहास उसके लिए वहां पर चीजें ली गई हैं, तो सभी चीजें तो शायद आवश्यक नहीं होती दिखाना लेकिन जो आवश्यक है, उसको जो हमारे चीफ क्यूरेटर साहब है, वह अध्ययन कर रहे हैं। अब एक जो सबसे बड़ी आवश्यकता है, वह यह है कि हमें न्यायालय से अनुमति लेनी है। वह न्यायालय के अभी कस्टडी में है तो उनको पत्र लिखा गया है कि आप हमें अब यह पूरा सौंप दें।*

————————————

काशी विश्वनाथ धाम के नवीकरण के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में धाम में कल से विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ शुरू हो गई हैं। इस अवसर पर कल हवन–पूजन संपन्न हुआ, जिसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट...

*काशी विश्वनाथ धाम में आज के दिन मंदिर परिसर में विराजमान समस्त देव विग्रहों का विशेष श्रृंगार एवं पूजन विधिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान बद्रीनारायण, लक्ष्मी नारायण, माता अन्नपूर्णा, माता पार्वती तथा श्री हनुमान जी की विधिवत आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दर्शन–पूजन का पुण्य लाभ प्राप्त किया और काशी विश्वनाथ धाम के नवनीकरण की चतुर्थ वर्षगांठ पर आस्था एवं उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

उधर, काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत काशी तमिल पर्यटकों के छठे दल का आज प्रयागराज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दल में 214 स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदीयां शामिल थीं। हनुमान मंदिर, स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन के बाद ये सभी लोग अयोध्या के लिये रवाना हो गये।

—————————

प्रदेश के प्राथमिकता वाले 33 जिलो में आज से सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। 22 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। इसी क्रम में आज उन्नाव में जिला अस्पताल से निकाली गयी पोलियो जागरूकता रैली को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चंदौली में मेडिकल कॉलेज परिसर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी आर. साई जगत ने नवजात शिशुओं को दवा पिलाकर किया।

लखनऊ, पीलीभीत, भदोही, चंदोली, विभिन्न जनपदों में लगाये गये पोलियो बूथ में बच्चों को पोलिया की खुराक पिलाई गई।

—————————

प्रसिदध संगीतज्ञ पंडित छन्नू लाल मिश्र को दिये गये सभी स्मृति चिन्हों पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण सम्मान

को मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन में स्थान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य संगीत में रुचि रखन वाले युवाओं को प्रेरित करना है। पंडित छन्नू लाल मिश्र की बेटो प्रो नम्रता मिश्र ने पिता से जुड़े सभी स्मृति चिन्हों को विश्वविद्यालय को देने की पेशकश की है। कुलपति प्रो शोभा गौड़ ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए कहा कि  यह हमारे लिए गर्व की बात है।

——————

लखनऊ के गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्टस कॉलेज में चल रही 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स अंडर–17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता–2025 मे आज पहले दिन बालक–बालिकाओं के 3000 मीटर, 100 मीटर, 800 मीटर दौड़ के साथ शॉटपुट के प्रथम चरण और क्वालिफिकेशन राउंड आयोजित किये गये। इसके साथ ही कुछ स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले भी खेले गये। पहले दिन तमिलनाडु और असम क खिलाड़ियों ने स्वर्ण, कर्नाटक और उत्तराखंड के रजत और दिल्ली और केरल के खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीता।

——————